यह प्रेस रिलीज आज अर्थात् 6 जनवरी, 2017 अपराह्न 5.30 तक प्रकाशित, प्रसारित अथवा इंटरनेट पर परिचालित नहीं की जाएगी।

# राष्ट्रीय आय 2016-17
# के
# प्रथम अग्रिम अनुमानों
# पर
# प्रेस नोट

सत्यमेव जयते

**केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय**

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

**भारत सरकार**

भारतीय मानक ब्यूरो IS / ISO 9001
BUREAU OF INDIAN STANDARDS QMS
National Accounts Division IS/ISO 9001:2008 CERTIFIED

यह प्रेस रिलीज आज अर्थात् 6 जनवरी, 2017 अपराह्न 5.30 तक प्रकाशित, प्रसारित अथवा इंटरनेट पर परिचालित नहीं की जाएगी।

भारत सरकार
सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

दिनांक: 6 जनवरी, 2017
16 पौष, 1938 शक

प्रेस नोट

वर्ष 2016-17 की राष्ट्रीय आय का प्रथम अग्रिम अनुमान

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय (सीएसओ) ने स्थिर मूल्य (2011-12) और मौजूदा मूल्य के आधार पर वित्तीय वर्ष 2016-17 के लिए राष्ट्रीय आय के प्रथम अग्रिम अनुमान जारी किए हैं । इन्हें विवरण 1-4 में देखा जा सकता है।

**2.** सकल घरेलू उत्पाद के प्रथम अग्रिम अनुमान राष्ट्रीय लेखाओ के कैलेंडर के रिलीज के अनुसार जारी किए गए हैं । अग्रिम अनुमानों को समेकित करने का तरीका बेंचमार्क-संकेतक प्रणाली पर आधारित है । क्षेत्र-वार अनुमानों के संकेतकों यथा (i) वित्तीय वर्ष के प्रथम 7 माह के औद्योगिक उत्पादन का सूचकांक, (ii) सितम्बर, 2016 तक की तिमाही के उपलब्ध निजी कॉरपोरेट क्षेत्र में सूचीबद्ध कंपनियों के वित्तीय निष्पादन (iii) फसल उत्पादन का प्रथम अग्रिम अनुमान (iv) वित्तीय वर्ष के प्रथम 7/8 वें माह को उपलब्ध केंद्र तथा राज्य सरकारों की लेखाएं बिक्री कर, जमा तथा ऋण, रेलवे यात्री को तथा माल भाड़े से कमाई, नागरिक उड्डयन द्वारा संचालित यात्रियों तथा माल ढुलाई, प्रमुख पत्तनों पर माल ढुलाई, वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री आदि के बाहय गणना द्वारा प्राप्त किए गए हैं । इन अनुमानों की मुख्य विशेषताओं का विस्तृत ब्यौरा निम्नलिखित हैः-

**(क) स्थिर (2011-12) मूल्य के आधार पर अनुमान**

**सकल घरेलू उत्पाद**

3. वर्ष 2016-17 में स्थिर (2011-12) मूल्य पर वास्तविक जीडीपी या सकल घरेलू उत्पाद का अनुमान 121.55 लाख करोड़ रुपए लगाया गया है जबकि 31 मई, 2016 को वर्ष 2015-16 के लिए जारी जीडीपी का अनंतिम अनुमान 113.50 लाख करोड़ रुपए था । वर्ष 2015-16 में 7.6 प्रतिशत की वृद्धि दर की तुलना में वर्ष 2016-17 के दौरान जीडीपी में 7.1 प्रतिशत की वृद्धि अनुमानित है ।

***बुनियादी मूल्यों पर सकल मूल्य-वर्धन (जीवीए)***

**4.** वास्तविक जीवीए अर्थात बुनियादी स्थिर मूल्यों पर जीवीए (2011-12) वर्ष 2015-16 के 104.27 लाख करोड़ रु. से बढ़कर वर्ष 2016-17 में 111.53 लाख करोड़ रु. होने का अनुमान है । बुनियादी मूल्यों पर वास्तविक जीवीए में वृद्धि 2015-16 के 7.2 प्रतिशत की तुलना वर्ष 2016-17 में 7.0 प्रतिशत होने का अनुमान है ।

**5.** 'लोक प्रशासन, रक्षा तथा अन्य सेवाएं' 'वित्तीय, रीयल एस्टेट तथा व्यवसायिक सेवाओं' तथा 'विनिर्माण' के क्षेत्र में 7.0 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर देखी गई । 'कृषि, वानिकी, मछली पकड़ना', 'खनन तथा उत्खनन' 'विद्युत, गैस, 'जल-आपूर्ति' तथा अन्य उपयोगी सेवाओं', 'निर्माण' तथा 'व्यापार, होटल, परिवहन, संचार' तथा 'प्रसारण से संबंधित क्षेत्र में वृद्धि दर क्रमशः 4.1 प्रतिशत, (-) 1.8 प्रतिशत, 6.5 प्रतिशत, 2.9 प्रतिशत तथा 6.0 प्रतिशत रहने का अनुमान है ।

*कृषि*

**6.** 'कृषि, वानिकी और मछली पकड़ने' के क्षेत्र में पिछले वर्ष 1.2 प्रतिशत की वृद्धि दर के मुकाबले वर्ष 2016-17 के दौरान 4.1 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है । इस क्षेत्र का सकल मूल्य वर्धन अनुमान वर्ष 2016-17 के प्रमुख खरीफ फसलों के उत्पादन के प्रथम अग्रिम अनुमान तथा रबी फसलों की रोपण पर आधारित लक्ष्यों का प्रयोग करते हुए समेकित किया गया है । कृषि तथा सहकारिता विभाग द्वारा जारी जानकारी के अनुसार पिछले कृषि वर्ष 2015-16 के खरीफ मौसम में अनाज के उत्पादन में 3.2 प्रतिशत की कमी की तुलना में 2016-17 में 8.9 प्रतिशत वृद्धि देखी गई । पशुधन क्षेत्र में, पशुपालन विभाग, कृषि मंत्रालय की जानकारी के अनुसार मुख्यतः लक्ष्य के रूप में उत्पादन अनुमान दूध, अंडे तथा ऊन के लिए उपलब्ध है । इस क्षेत्र की सकल मूल्यवर्धन का लगभग 39.0 प्रतिशत पशुधन उत्पादों, वानिकी तथा मछली पालन पर आधारित है, जिसमें वर्ष 2016-17 के दौरान 3.7 प्रतिशत से अधिक की संयुक्त वृद्धि दर देखी गयी ।

*खनन तथा उत्खनन*

**7.** 'खनन तथा उत्खनन' क्षेत्र में बुनियादी मूल्यों पर सकल मूल्य-वर्धन वर्ष 2015-16 के 7.4 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में वर्ष 2016-17 के दौरान 1.8 प्रतिशत की कमी का

अनुमान है । खनन क्षेत्र के प्रमुख संकेतकों, नामतः कोयला उत्पादन, कच्चा तेल तथा प्राकृतिक गैस में अप्रैल-नवम्बर, 2015-16 के क्रमशः 4.3 प्रतिशत, (-) 0.4 प्रतिशत तथा (-) 2.3 प्रतिशत की तुलना में अप्रैल-नवम्बर 2016-17 के दौरान क्रमशः 1.6 प्रतिशत, (-) 3.5 प्रतिशत तथा (-) 3.7 प्रतिशत वृद्धि दर दर्ज की गई । इन मदों में पाई गई वृद्धि दर का उपयोग क्रमशः कोयला, कच्चा पेट्रोलियम तथा अन्य प्रमुख एवं छोटे खनिजों के उत्पादन के अनंतिम अनुमानों के बाह्य गणना के लिए किया जाता है । खनन क्षेत्र के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक में वृद्धि अप्रैल-अक्तूबर, 2015-16 के 2.2 प्रतिशत की तुलना में अप्रैल-अक्तूबर, 2016-17 के दौरान (-) 0.2 प्रतिशत दर्ज की गई । वर्ष 2016-17 के लिए इस क्षेत्र में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक का अग्रिम अनुमान वर्तमान वित्तीय वर्ष के प्रथम 7 माह के संचयी सूचकांक को पिछले वर्ष के वार्षिक सूचकांक के 7 माह के सूचकांक के औसत अनुपात से भाग देकर संकलित किया गया है । खनन क्षेत्र में निजी कॉरपोरेट क्षेत्र में वृद्धि दर वर्ष 2016-17 के प्रथम छह माह के दौरान प्रमुख सूचीबद्ध कंपनियों के लिए उपलब्ध नवीनतम जानकारी का उपयोग कर अनुमानित किया गया है ।

*विनिर्माण*

8. 'विनिर्माण' क्षेत्र में बुनियादी मूल्यों पर सकल मूल्य-वर्धन की वृद्धि दर वर्ष 2015-16 के 9.3 प्रतिशत की तुलना में वर्ष 2016-17 में 7.4 प्रतिशत के वृद्धि की अनुमान है । विनिर्माण क्षेत्र में निजी कॉरपोरेट क्षेत्र का शेयर करीब 72 प्रतिशत है । विनिर्माण क्षेत्र में निजी कॉरपोरेट क्षेत्र के वृद्धि दर का अनुमान वर्ष 2016-17 के प्रथम छह माह के दौरान प्रमुख सूचीबद्ध कंपनियों के बारे में उपलब्ध नवीनतम जानकारी के आधार पर किया गया । अर्द्ध कॉरपोरेट तथा असंगठित क्षेत्र (जिसमें निजी प्रोपराइटशिप तथा साझेदारी एवं खादी तथा ग्रामीण उद्योगों का विनिर्माण क्षेत्र में करीब 23 प्रतिशत हिस्सा है) के अनुमान लगाने के लिए विनिर्माण क्षेत्र के आईआईपी का उपयोग किया गया है । चालू वर्ष के दौरान 2 अंकों वाले औद्योगिक समूहों के आईआईपी के अग्रिम अनुमान चालू वर्ष के 7 माह के संचयी सूचकांक को पिछले वर्षों के वार्षिक सूचकांक के 7 माह के सूचकांक के औसत अनुपात से भाग करके संकलित किए गए है । चालू वर्ष हेतु 2 अंकों के स्तर पर निकाले गए आईआईपी अनुमानों का उपयोग अर्द्ध कॉरपोरेट तथा घरेलू क्षेत्रों के लिए अलग से, बाह्य गणना के लिए पिछले वर्ष के 2-अंकीय स्तर के मूल्य-वर्धन अनुमानों हेतु किया जाता है । आईआईपी विनिर्माण की वृद्धि दर अप्रैल-अक्तूबर, 2015-16 के 5.1 प्रतिशत की तुलना में अप्रैल-अक्तूबर, 2016-17 के दौरान (-)1.0 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई । विनिर्माण उत्पादों के

संबंध में वृद्धि दर अप्रैल-नवम्बर 2015-16 के (-) 1.3 प्रतिशत की तुलना में अप्रैल-नवम्बर, 2016-17 में 2.0 प्रतिशत दर्ज की गई ।

*बिजली, गैस, जल-आपूर्ति तथा अन्य उपयोगी सेवाएं*

**9.** बुनियादी मूल्यों पर जीवीए 'बिजली, गैस, जल-आपूर्ति तथा अन्य उपयोगी सेवाओं' क्षेत्र के लिए वर्ष 2015-16 के 6.6 प्रतिशत की वृद्धि दर की तुलना में वर्ष 2016-17 में 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है । इस क्षेत्र के अग्रिम अनुमानों के प्रमुख संकेतक नामत: बिजली की आईआईपी जिसे चालू वर्ष के 7 माह के संचयी सूचकांक को पिछले वर्ष के वार्षिक सूचकांक के 7 माह के सूचकांक के औसत अनुपात से भाग देकर संकलित किया गया हैं । बिजली के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक में अप्रैल-अक्तूबर, 2015-16 के 5.2 प्रतिशत वृद्धि दर के मुकाबले वर्ष 2016-17 में 4.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है ।

*निर्माण*

**10.** बुनियादी मूल्यों पर जीवीए 'निर्माण' क्षेत्र के लिए वर्ष 2015-16 के 3.9 प्रतिशत की वृद्धि दर की तुलना में 2016-17 में 2.9 प्रतिशत अनुमानित है । निर्माण क्षेत्र के मुख्य संकेतक नामतः सीमेंट उत्पादन तथा परिष्कृत इस्पात की खपत में वृद्धि दर अप्रैल-नवम्बर 2016-17 में क्रमशः 4.3 तथा 3.0 प्रतिशत रही ।

*प्रसारण से संबंधित सेवाएं, व्यापार होटल तथा परिवहन एवं संचार सेवा*

**11.** प्रसारण से संबंधित सेवाओं, व्यापार, होटल, परिवहन तथा सूचना एवं सेवाओं के लिए जीवीए में अनुमानित वृद्धि दर पिछले वर्ष के 9.0 प्रतिशत की तुलना में वर्ष 2016-17 में 6.0 प्रतिशत अनुमानित है । व्यापार क्षेत्र हेतु जीवीए अनुमानों के लिए बिक्री कर वृद्धि दर प्रमुख संकेतक के रूप में प्रयुक्त किए गए हैं । सीएजी की वेबसाइट से उपलब्ध राज्य लेखाओं पर उपलब्ध मासिक आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2016-17 के दौरान बिक्री कर संग्रहण में 8.6 प्रतिशत वृद्धि की उम्मीद है । सभी पंजीकृत उत्पादों के डब्ल्यूपीआई में वृद्धि दर अप्रैल-नवम्बर 2015-16 के (-) 3.3 के मुकाबले अप्रैल-नवम्बर 2016-17 में 2.8 प्रतिशत दर्ज की गई । अन्य सेवाओं में, रेलवे के प्रमुख संकेतक नामतः निवल टन किलोमीटर तथा यात्री किलोमीटर में वृद्धि दर अप्रैल-नवम्बर 2016-17 के दौरान (-) 7.4 प्रतिशत तथा (-) 0.4 प्रतिशत देखी गई है । मुख्य पत्तनों पर कार्गो ढुलाई में वृद्धि दर अप्रैल-नवम्बर 2015-16 के 3.4 प्रतिशत की तुलना में अप्रैल 2016-17 में 6.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है । नागरिक उड्डयन

द्वारा यात्री भाड़े कार्गो ढुलाई में वृद्धि दर अप्रैल-नवम्बर 2015-16 में क्रमशः 16.5 प्रतिशत तथा 5.9 प्रतिशत की तुलना में अप्रैल-नवम्बर 2016-17 में क्रमशः 19.6 प्रतिशत तथा 9.9 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई । पंजीकृत वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री में वृद्धि दर अप्रैल-नवम्बर 2015-16 के 8.1 प्रतिशत की तुलना में अप्रैल-नवम्बर 2016-17 के दौरान 4.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई ।

*वित्तीय, बीमा, रियल एस्टेट तथा व्यावसायिक सेवाएं*

**12.** वर्ष 2016-17 के दौरान इस क्षेत्र के लिए सकल मूल्य वर्धन में अनुमानित वृद्धि वर्ष 2015-16 में 10.3 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में 9.0 प्रतिशत रही । इस उद्योग का प्रमुख घटक रीयल एस्टेट तथा व्यावसायिक सेवाएं हैं, जिनका 71.0 प्रतिशत शेयर है । इस क्षेत्र के प्रमुख संकेतक रीयल एस्टेट क्षेत्र के लिए कार्पोरेट क्षेत्र की त्रैमासिक वृद्धि तथा कम्प्यूटर संबंधित क्रियाकलाप जिनमें वर्ष 2016-17 के प्रथम छह महीने के लिए सूचीबद्ध कंपनियों संबंधी नवीनतम सूचना का उपयोग करके अनुमान लगाया गया है । इस क्षेत्र के अन्य संकेतकों, अर्थात समेकित बैंक जमा राशि तथा बैंक क्रेडिट्स अक्तूबर 2015 की स्थिति के अनुसार क्रमश: 10.5 प्रतिशत और 8.8 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में अक्तूबर 2016 की स्थिति में क्रमश: 9.8 प्रतिशत तथा 9.1 प्रतिशत की वृद्धि दरें दिखायी देती हैं ।

*लोक प्रशासन और रक्षा व अन्य सेवाएं*

**13.** वर्ष 2015-16 में 6.6 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में इस क्षेत्र से वर्ष 2016-17 के लिए बुनियादी मूल्यों पर सकल मूल्य वर्धन 12.8 प्रतिशत तक बढ़ने की प्रत्याशा है । इस क्षेत्र के प्रमुख संकेतक नामत: ब्याज भुगतानों और रियायतों पर संघ सरकार के व्यय में अप्रैल-नवम्बर 2016-17 के दौरान 25.3 प्रतिशत तक वृद्धि हुई ।

**प्रति व्यक्ति आय**

**14.** वर्ष 2016-17 के दौरान (2011-12 मूल्यों पर) प्रति व्यक्ति आय वर्ष 2015-16 के 77,435 रुपए की तुलना में 81,805 रुपए का स्तर प्राप्त करने की संभावना है। प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि दर पिछले वर्ष के 6.2 प्रतिशत की तुलना में वर्ष 2016-17 के दौरान 5.6 प्रतिशत का अनुमान है।

## ख. वर्तमान मूल्यों पर अनुमान

## 15. अपस्फीति के रूप में प्रयुक्त मूल्य सूचकांक

समूह-खाद्य पदार्थों, विनिर्मित उत्पादों, विद्युत तथा सभी सामनों के संबंध में थोक बिक्री मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) अप्रैल-नवम्बर 2016-17 के दौरान क्रमश: 6.9 प्रतिशत, 2.0 प्रतिशत, (-) 1.4 प्रतिशत और 2.8 प्रतिशत तक बढ़ा है । उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में अप्रैल-नवम्बर 2016-17 के दौरान 5.0 प्रतिशत की वृद्धि दिखायी दी ।

### *सकल घरेलू उत्पाद*

**16.** सकल घरेलू उत्पाद बुनियादी मूल्यों पर सकल मूल्य वर्धन के उत्पादों पर सब्सिडियों के उत्पादों पर करों को जोड़कर निकाला जाता है । वर्ष 2016-17 में वर्तमान मूल्यों पर सकल मूल्य वर्धन वर्ष 2015-16 में 135.76 लाख रुपए की तुलना में 151.93 लाख करोड़ रुपए का स्तर प्राप्त करने की संभावना है, जो 11.9 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्शाती है ।

### *राष्ट्रीय आय*

**17.** सांकेतिक निवल राष्ट्रीय आय (एनएनआई) जिसे राष्ट्रीय आय (वर्तमान मूल्यों पर) के रूप में भी माना जाता है, वर्ष 2015-16 के लिए 119.69 लाख करोड़ रुपए की तुलना में वर्ष 2016-17 के दौरान 133.81 लाख करोड़ रुपए होने की संभावना है । वृद्धि दरों के संबंध में, राष्ट्रीय आय में पिछले वर्ष की 8.7 प्रतिशत की वृद्धि दर की तुलना में वर्ष 2016-17 में 11.8 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्शाती है ।

### *प्रति व्यक्ति आय*

**18.** वर्ष 2016-17 के दौरान प्रति व्यक्ति निवल राष्ट्रीय आय 103,007 रुपए रहने का अनुमान है जो 7.4 प्रतिशत वृद्धि दर के साथ वर्ष 2015-16 के दौरान 93,293 रुपए की तुलना में 10.4 प्रतिशत अधिक वृद्धि दर दर्शाती है ।

## ग. सकल घरेलू उत्पाद, 2016-17 के अंतिम व्यय का वार्षिक अनुमान

**19.** आर्थिक कार्यकलापों के अनुसार बुनियादी मूल्यों पर सकल मूल्य वर्धन के प्रथम अग्रिम अनुमानों के साथ-साथ, वर्तमान और स्थिर (2011-12) मूल्यों पर सकल घरेलू उत्पाद के व्यय के प्रथम अग्रिम अनुमान भी जारी किए जाते हैं । इन अनुमानों का आर्थिक क्रियाकलापों के अनुसार सकल मूल्य वर्धन अनुमानों, आयातों, और निर्यातों के संबंध में पण्य व्यापार पर उपलब्ध विस्तृत आंकड़ों, बकाया भुगतानों तथा केंद्र सरकार के मासिक व्यय के संकलनार्थ प्रयुक्त समान स्रोतों से उपलब्ध संकेतकों के आंकड़ों का प्रयोग करके संकलन किया गया है ।

सकल घरेलू उत्पाद पर व्यय के विभिन्न घटकों यथा उपभोग व्यय तथा पूंजी निर्माण, सामान्यत: बाजार मूल्यों पर आंके जाते हैं । निम्नखित पैराग्राफ में केवल बाजार मूल्यों के अनुसार चर्चा की गई है ।

**निजी अंतिम उपभोग व्यय**

**20.** वर्तमान मूल्यों पर निजी अंतिम उपभोग व्यय वर्ष 2015-16 के 80.78 लाख करोड़ रु. की तुलना में वर्ष 2016-17 में 89.72 लाख करोड़ रुपए अनुमानित है । स्थिर (2011-12) मूल्यों पर पीएफसीई 2015-16 के 63.01 लाख करोड़ रुपए की तुलना में वर्ष 2016-17 में 67.13 लाख करोड़ रुपए रहने का अनुमान है । सकल घरेलू उत्पाद के मामले में वर्तमान और स्थिर (2011-12) मूल्यों पर पीएफसीई की दरें वर्ष 2015-16 के क्रमशः 59.5 प्रतिशत और 55.5 प्रतिशत की तुलना में वर्ष 2016-17 की तद्नुरूपी दरों की तुलना में क्रमशः 59.1 प्रतिशत और 55.2 प्रतिशत अनुमानित है ।

**सरकारी अंतिम उपभोग व्यय**

**21.** वर्तमान मूल्यों पर सरकारी अंतिम उपभोग व्यय वर्ष 2015-16 के 14.39 लाख करोड़ रु. की तुलना में वर्ष 2016-17 में 18.61 लाख करोड़ रुपए अनुमानित है । स्थिर (2011-12) मूल्यों पर जीएफसीई 2015-16 के 11.27 लाख करोड़ रुपए की तुलना में वर्ष 2016-17 में 13.95 लाख करोड़ रुपए रहने का अनुमान है । सकल घरेलू उत्पाद के मामले में वर्तमान और स्थिर (2011-12) मूल्यों पर जीएफसीई की दरें जबकि वर्ष 2015-16 की तद्नुरूपी अवधि में क्रमशः 10.6 प्रतिशत और 9.9 प्रतिशत की तुलना में वर्ष 2016-17 में इसके क्रमशः 12.3 प्रतिशत और 11.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है ।

**सकल नियत पूंजी निर्माण**

**22.** वर्तमान मूल्यों पर सकल नियत पूंजी निर्माण वर्ष 2015-16 के 39.72 लाख करोड़ रु . की तुलना में वर्ष 2016-17 में 40.39 लाख करोड़ रुपए रहने का अनुमान है । स्थिर (2011-12) मूल्यों पर जीएफसीएफ 2015-16 के 35.41 लाख करोड़ रु की तुलना में वर्ष 2016-17 में 35.35 लाख करोड़ रुपए होने का अनुमान है । सकल घरेलू उत्पाद के मामले में, वर्तमान और स्थिर (2011-12) मूल्यों पर जीएफसीएफ की दरें वर्ष 2015-16 में क्रमशः 29.3 प्रतिशत और 31.2 प्रतिशत की तद्नुरूपी दरों की तुलना में वर्ष 2016-17 में क्रमशः 26.6 प्रतिशत

और 29.1 प्रतिशत रहने का अनुमान है । जीएफसीएफ वर्तमान मूल्यों पर 1.7 प्रतिशत और स्थिर मूल्यों पर (-) 0.2 प्रतिशत वृद्धि दर दर्ज होने का अनुमान है ।

**23.** स्थिर (2011-12) और वर्तमान मूल्यों पर वर्ष 2014-15, 2015-16 तथा 2016-17 के सकल घरेलू उत्पाद संबंधी आर्थिक क्रियाकलापों की प्रकारों और व्ययों के अनुसार आधारभूत मूल्यों पर जीवीए के साथ सकल/निवल राष्ट्रीय आय और प्रति व्यक्ति आय के अनुमान विवरणी 1 से 4 पर दिए गए हैं ।

**24.** वर्ष 2016-17 के लिए राष्ट्रीय आय के द्वीतीय अग्रिम अनुमानों की आगामी रिलीज तथा वर्ष 2016-17 की तिमाही अक्तूबर-दिसम्बर (वर्ष 2016-17 की तीसरी तिमाही) के तिमाही जीडीपी अनुमान 28.02.2017 को जारी किए जाएंगे।

यह प्रेस रिलीज आज अर्थात् 6 जनवरी, 2017 अपराह्न 5.30 तक प्रकाशित, प्रसारित अथवा इंटरनेट पर परिचालित नहीं की जाएगी।

**विवरण 1: राष्ट्रीय आय और सकल घरेलू उत्पाद पर व्यय के प्रथम अग्रिम अनुमान, 2016-17 (2011-12) मूल्यों पर**

**(करोड़ रुपए में)**

| क्र.सं. | **मद** | **2014-15 (प्रथम सं. अनु.)** | **2015-16 (अनं. अनु.)** | **2016-17 (प्रथम अग्रि. अनु.)** | **2015-16** | **2016-17** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | **घरेलू उत्पाद** | | | | | |
| 1 | आधारभूत मूल्यों पर जीवीए | 9727490 | 10427191 | 11153038 | 7.2 | 7.0 |
| 2 | आयात शुल्कों सहित उत्पादों पर निवल कर | 824660 | 923058 | 1001760 | 11.9 | 8.5 |
| 3 | जीडीपी (1+2) | 10552151 | 11350249 | 12154797 | 7.6 | 7.1 |
| 4 | जीडीपी | 9359476 | 10071784 | 10787338 | 7.6 | 7.1 |
| | **अंतिम व्यय** | | | | | |
| 5 | पीएफसीई | 5864283 | 6301128 | 6713186 | 7.4 | 6.5 |
| 6 | जीएफसीई | 1102607 | 1126952 | 1394898 | 2.2 | 23.8 |
| 7 | जीएफसीएफ | 3408251 | 3540750 | 3535003 | 3.9 | -0.2 |
| 8 | सीआईएस | 195007 | 205816 | 216545 | 5.5 | 5.2 |
| 9 | बहुमूल्य वस्तुएं | 173275 | 173811 | 115665 | 0.3 | -33.5 |
| 10 | सामानों और सेवाओं का निर्यात | 2508402 | 2377742 | 2429080 | -5.2 | 2.2 |
| 11 | घटाएं: सामानों और सेवाओं का आयात | 2664390 | 2590793 | 2491499 | -2.8 | -3.8 |
| 12 | विसंगतियां | -35284 | 214843 | 241919 | | |
| 13 | जीडीपी | 10552151 | 11350249 | 12154797 | 7.6 | 7.1 |
| | जीडीपी की दरें | | | | | |
| 14 | पीएफसीई | 55.6 | 55.5 | 55.2 | | |
| 15 | जीएफसीई | 10.4 | 9.9 | 11.5 | | |
| 16 | जीएफसीएफ | 32.3 | 31.2 | 29.1 | | |
| 17 | सीआईएस | 1.8 | 1.8 | 1.8 | | |
| 18 | बहुमूल्य वस्तुएं | 1.6 | 1.5 | 1.0 | | |
| 19 | सामानों और सेवाओं का निर्यात | 23.8 | 20.9 | 20.0 | | |
| 20 | घटाएं: सामानों और सेवाओं का आयात | 25.2 | 22.8 | 20.5 | | |
| 21 | विसंगतियां | -0.3 | 1.9 | 2.0 | | |
| 22 | जीडीपी | 100.0 | 100.0 | 100.0 | | |
| 23 | जीएनआई | 10427701 | 11213328 | 11993865 | 7.5 | 7.0 |
| 24 | एनएनआई | 9235026 | 9934863 | 10626406 | 7.6 | 7.0 |
| | **प्रति व्यक्ति आय, उत्पादन और अंतिम खपत** | | | | | |
| 25 | जनसंख्या* (मिलियन में) | 1267 | 1283 | 1299 | 1.3 | 1.2 |
| 26 | प्रति व्यक्ति जीडीपी | 83285 | 88466 | 93570 | 6.2 | 5.8 |
| 27 | प्रति व्यक्ति जीएनआई | 82302 | 87399 | 92332 | 6.2 | 5.6 |
| 28 | प्रति व्यक्ति एनएनआई | 72889 | 77435 | 81805 | 6.2 | 5.6 |
| 29 | प्रति व्यक्ति पीएफसीई | 46285 | 49112 | 51680 | 6.1 | 5.2 |

* मध्य वित्तीय वर्ष से संबंधित

*आरई: संशोधित अनुमान;  पीई: अनंतिम अनुमान; एई: अग्रिम अनुमान*

यह प्रेस रिलीज आज अर्थात् 6 जनवरी, 2017 अपराह्न 5.30 तक प्रकाशित, प्रसारित अथवा इंटरनेट पर परिचालित नहीं की जाएगी।

**विवरण 2: राष्ट्रीय आय और सकल घरेलू उत्पाद पर व्यय के प्रथम अग्रिम अनुमान, 2016-17 (वर्तमान मूल्यों पर)**

**(करोड़ रुपए में)**

| क्र.सं. | मद | 2014-15 (प्रथम सं. अनु.) | 2015-16 (अनं. अनु.) | 2016-17 (प्रथम अग्रि. अनु.) | 2015-16 | 2016-17 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | **घरेलू उत्पाद** | | | | | |
| 1 | आधारभूत मूल्यों पर जीवीए | 11472409 | 12279410 | 13602175 | 7.0 | 10.8 |
| 2 | आयात शुल्कों सहित उत्पादों पर निवल कर | 1015796 | 1296676 | 1590413 | 27.7 | 22.7 |
| 3 | जीडीपी (1+2) | 12488205 | 13576086 | 15192588 | 8.7 | 11.9 |
| 4 | जीडीपी | 11155025 | 12126769 | 13570701 | 8.7 | 11.9 |
| | **अंतिम व्यय** | | | | | |
| 5 | पीएफसीई | 7193046 | 8077560 | 8972423 | 12.3 | 11.1 |
| 6 | जीएफसीई | 1365463 | 1439198 | 1861284 | 5.4 | 29.3 |
| 7 | जीएफसीएफ | 3844366 | 3972401 | 4039237 | 3.3 | 1.7 |
| 8 | सीआईएस | 220557 | 234444 | 256815 | 6.3 | 9.5 |
| 9 | बहुमूल्य वस्तुएं | 192663 | 187461 | 138721 | -2.7 | -26.0 |
| 10 | सामानों और सेवाओं का निर्यात | 2861066 | 2706892 | 2861096 | -5.4 | 5.7 |
| 11 | घटाएं: सामानों और सेवाओं का आयात | 3233123 | 3051005 | 3034410 | -5.6 | -0.5 |
| 12 | विसंगतियां | 44168 | 9135 | 97422 | | |
| 13 | जीडीपी | 12488205 | 13576086 | 15192588 | 8.7 | 11.9 |
| | जीडीपी की दरें | | | | | |
| 14 | पीएफसीई | 57.6 | 59.5 | 59.1 | | |
| 15 | जीएफसीई | 10.9 | 10.6 | 12.3 | | |
| 16 | जीएफसीएफ | 30.8 | 29.3 | 26.6 | | |
| 17 | सीआईएस | 1.8 | 1.7 | 1.7 | | |
| 18 | बहुमूल्य वस्तुएं | 1.5 | 1.4 | 0.9 | | |
| 19 | सामानों और सेवाओं का निर्यात | 22.9 | 19.9 | 18.8 | | |
| 20 | घटाएं: सामानों और सेवाओं का आयात | 25.9 | 22.5 | 20.0 | | |
| 21 | विसंगतियां | 0.4 | 0.1 | 0.6 | | |
| 22 | जीडीपी | 100.0 | 100.0 | 100.0 | | |
| 23 | जीएनआई | 12340772 | 13418745 | 15002477 | 8.7 | 11.8 |
| 24 | एनएनआई | 11007592 | 11969428 | 13380590 | 8.7 | 11.8 |
| 25 | जीएनडीआई | 12745926 | 13832957 | 15394372 | 8.5 | 11.3 |
| 26 | एनएनडीआई | 11412746 | 12383640 | 13772485 | 8.5 | 11.2 |
| | **प्रति व्यक्ति आय, उत्पादन और अंतिम खपत** | | | | | |
| 27 | प्रति व्यक्ति जीडीपी | 98565 | 105815 | 116956 | 7.4 | 10.5 |
| 28 | प्रति व्यक्ति जीएनआई | 97402 | 104589 | 115493 | 7.4 | 10.4 |
| 29 | प्रति व्यक्ति एनएनआई | 86879 | 93293 | 103007 | 7.4 | 10.4 |
| 30 | प्रति व्यक्ति जीएनडीआई | 100599 | 107817 | 118509 | 7.2 | 9.9 |
| 31 | प्रति व्यक्ति पीएफसीई | 56772 | 62958 | 69072 | 10.9 | 9.7 |

* मध्य वित्तीय वर्ष से संबंधित

*आरई: संशोधित अनुमान; पीई: अनंतिम अनुमान; एई: अग्रिम अनुमान*

यह प्रेस रिलीज आज अर्थात् 6 जनवरी, 2017 अपराह्न 5.30 तक प्रकाशित, प्रसारित अथवा इंटरनेट पर परिचालित नहीं की जाएगी।

**विवरण 3: आर्थिक गतिविधि के अनुसार बुनियादी मूल्य पर जीवीए के प्रथम अग्रिम अनुमान**

(2011-12 मूल्यों पर)

**(करोड़ रुपए में)**

| उद्योग | 2014-15 (प्रथम सं. अनु.) | 2015-16 (अनं. अनु.) | 2016-17 (प्रथम अग्रि. अनु.) | पिछले वर्ष की तुलना में प्रतिशत बदलाव | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 2015-16 | 2016-17 |
| 1. कृषि, वानिकी और मत्स्य पालन | 1,584,293 | 1,604,044 | 1,669,833 | 1.2 | 4.1 |
| 2. खनन एवं उत्खनन | 296,328 | 318,377 | 312,663 | 7.4 | -1.8 |
| 3. विनिर्माण | 1,667,069 | 1,821,926 | 1,957,026 | 9.3 | 7.4 |
| 4. विद्युत, गैस, जलापूर्ति और अन्य उपयोगी सेवाएं | 216,970 | 231,228 | 246,188 | 6.6 | 6.5 |
| 5. निर्माण | 854,636 | 887,957 | 913,918 | 3.9 | 2.9 |
| 6. व्यापार, होटल, परिवहन, संचार और प्रसारण से संबंधित सेवाएं | 1,833,997 | 1,998,292 | 2,117,867 | 9.0 | 6.0 |
| 7. वित्त, रिएल एस्टेट और व्यावसायिक सेवाएं | 2,039,460 | 2,248,845 | 2,450,391 | 10.3 | 9.0 |
| 8. लोक प्रशासन, रक्षा और अन्य सेवाएं | 1,234,737 | 1,316,522 | 1,485,151 | 6.6 | 12.8 |
| बुनियादी मूल्यों पर जीवीए | **9,727,490** | **10,427,191** | **11,153,038** | **7.2** | **7.0** |

*आरई: संशोधित अनुमान; पीई: अनंतिम अनुमान; एई: अग्रिम अनुमान*

**विवरण 4: आर्थिक गतिविधि के अनुसार बुनियादी मूल्य पर जीवीए के प्रथम अग्रिम अनुमान**

(वर्तमान मूल्यों पर)

**(करोड़ रुपए ा**

| उद्योग | 2014-15 (प्रथम सं. अनु.) | 2015-16 (अनं. अनु.) | 2016-17 (प्रथम अग्रि. अनु.) | पिछले वर्ष की तुलना में प्रतिशत बदलाव | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 2015-16 | 2016-17 |
| 1. कृषि, वानिकी और मत्स्य पालन | 1,995,251 | 2,093,081 | 2,318,239 | 4.9 | 10.8 |
| 2. खनन एवं उत्खनन | 304,300 | 318,672 | 321,701 | 4.7 | 1.0 |
| 3. विनिर्माण | 1,845,541 | 1,994,330 | 2,186,573 | 8.1 | 9.6 |
| 4. विद्युत, गैस, जलापूर्ति और अन्य उपयोगी सेवाएं | 288,935 | 320,186 | 335,457 | 10.8 | 4.8 |
| 5. निर्माण | 1,003,903 | 1,016,659 | 1,075,632 | 1.3 | 5.8 |
| 6. व्यापार, होटल, परिवहन, संचार और प्रसारण से संबंधित सेवाएं | 2,140,370 | 2,281,533 | 2,482,019 | 6.6 | 8.8 |
| 7. वित्त, रिएल एस्टेट और व्यावसायिक सेवाएं | 2,359,279 | 2,534,422 | 2,845,239 | 7.4 | 12.3 |
| 8. लोक प्रशासन, रक्षा और अन्य सेवाएं | 1,534,831 | 1,720,527 | 2,037,315 | 12.1 | 18.4 |
| बुनियादी मूल्यों पर जीवीए | **11,472,409** | **12,279,410** | **13,602,175** | **7.0** | **10.8** |

*आरई: संशोधित अनुमान; पीई: अनंतिम अनुमान; एई: अग्रिम अनुमान*